संचिका संख्या– 1/8–स्था0/विविध/प्रा0–01/2017 ..../प्राधि0

बिहार सरकार

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(आपदा प्रबंधन विभाग)

द्वितीय तल, पंत भवन, पटना–800001

!! आदेश !!

पटना, दिनांक–....................../2019

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार, पटना द्वारा भोजन एवं नाश्ता की आपूर्ति के संबंध में निविदा कागजात पत्रांक 4499 दिनांक 06.12.2018 द्वारा प्रकाशित की गयी थी। तकनीकी निविदा खुलने के उपरांत प्राधिकरण में गठित समिति द्वारा प्रतिष्ठानों का भौतिक सत्यापन किया गया। पुनः ESI की कटौती तथा बीमा के बारे में कागजात की माँग की जाने पर किसी भी प्रतिष्ठान द्वारा कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। फलतः निदेशानुसार प्राधिकरण द्वारा भोजन तथा नाश्ता की आपूर्ति के संबंध में प्रकाशित निविदा रद्द की जाती है।

2. वित्त विभाग के संकल्प संख्या 8043 दिनांक 11.10.2017 के बिन्दु (L) के अनुरुप भोजन हेतु अधिकतम ₹250/– प्रति व्यक्ति तथा अल्पाहार हेतु अधिकतम ₹100/– प्रति व्यक्ति के दर को प्राधिकरण कार्यालय अथवा प्राधिकरण द्वारा अन्य स्थान में मंगाये जाने वाले अल्पाहार एवं भोजन हेतु निर्धारित किये जाते है।

3. प्राधिकरण द्वारा स्वतंत्र रुप से किसी भी एजेंसी से उक्त दर पर अल्पाहार एवं भोजन प्राप्त किया जा सकेगा।

4. प्रस्ताव में उपाध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(साँवर भारती)
सचिव

ज्ञापांक–................................/प्राधि0 पटना, दिनांक.............................

प्रतिलिपिः– अवर सचिव/ वित्तीय सलाहकार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दर की सूची सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सचिव

ज्ञापांक–................................/प्राधि0 पटना, दिनांक.............................

प्रतिलिपिः– सभी सहायक/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी एवं लेखा–सह–रोकड़पाल, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सचिव

ज्ञापांक–................................/प्राधि0 पटना, दिनांक.............................

प्रतिलिपिः– सभी वरीय सलाहकार/सभी परियोजना पदाधिकारी/वरीय संपादक, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सचिव

ज्ञापांक–2480/प्राधि0 पटना, दिनांक 07-8-19

प्रतिलिपिः– श्री मनोज कुमार, तकनीकी सहायक, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं प्राधिकरण के वेबसाइट www.bsdma.org पटना अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सचिव